# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3208
दिनांक : 05.01.2021

## विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों के केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 सम्पन्न करायी जा चुकी है तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर पर **बी0ए0, बी0काम0, बी0एस–सी0 एवं बी0एस–सी0 फिजिकल एजू0 एण्ड स्पोर्ट्स (संस्थागत)** तथा **बी0ए0, बी0काम0 (व्यक्तिगत)** केवल तृतीय वर्ष, परास्नातक स्तर पर **एम0ए0 एवं एम0काम0 (व्यक्तिगत)** केवल अन्तिम वर्ष तथा **एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)** केवल अन्तिम वर्ष पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की बैक पेपर परीक्षा–2020 आयोजित करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं के बैक पेपर परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/3201, दिनांक 01.01.2021 के अनुसार भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 04.01.2021 निर्धारित थी।

**माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से ऐसे वंचित छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक बैक पेपर परीक्षा फार्म नहीं भरा है, अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 10.01.2021 तक पुनः विस्तारित की जाती है।**

**ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार हैं –**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा प्रारम्भ होने की तिथि | 21.12.2020 |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 10.01.2021 |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | 11.01.2021 |
| 04. | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | 12.01.2021 |

नोट :–1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.12.2020 में लिये गये संकल्पानुसार केवल अन्तिम वर्ष के वह अभ्यर्थी जो पहले ही मुख्य परीक्षा–2020 के फार्म भर चुके हैं किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा नहीं दे पाये थे ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को वंचित विषय/प्रश्नपत्र में सम्मिलित होते हुये पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरे जाने की आवश्यकता भी नहीं है। ऐसे छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय वेबसाइट से नवीन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने के उपरान्त बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित हो सकेंगे।**

2. केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 (संस्थागत/व्यक्तिगत) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी ही बैक पेपर परीक्षा–2020 में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित हो सकेंगे। अन्य सत्र के अभ्यर्थी सन्दर्भित परीक्षा हेतु अर्ह नहीं हैं अन्यथा की स्थिति में परीक्षार्थी/महाविद्यालय/संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।
3. सन्दर्भित अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के उपरान्त ही बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा में अंक सुधार की दृष्टि से अथवा बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने हेतु किसी भी अर्ह अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने हेतु केवल एक ही अवसर देय होगा।
5. **कोई भी अभ्यर्थी री–बैक परीक्षा हेतु अर्ह नहीं होगा।**

05/01

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारित करने से पूर्व छात्र/छात्रा की अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।

क्रमशः.......2

03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी / पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)